# मासिक रिपोर्ट

अंक :156 मार्च 2015

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का तेरहवां वर्ष


To,

## स्वैच्छिक सेवा का 56 वां वर्ष

- मार्च 2015 में 23 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 10
- उदयपुर का तापमान मार्च माह में : अधिकतम 36.0° सेल्सियस, न्यूनतम 15.0.° सेल्सियस रहा।
- फरवरी माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान, तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि िष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

**आर्थिक सहयोग-**

- **वार्षिक सहयोग राशि – डॉ. बी.पी. भटनागर रू. 5000, श्री के.एल. बापना रू. 4000, डॉ. बी.एम. दीक्षित रू.1000, श्री एम.एस. खामेसरा रू. 1000, श्री के.एल. कोठारी रू. 1000, श्रीमती विमला कोठारी रू. 1000, श्री पवन कोठारी रू. 1000, श्री पराग कोठारी रू. 1000, श्रीमती मोनिका कोठारी रू. 1000, श्रीमती लीना जैन रू. 1000, श्रीमती रेणु धाकड़ रू. 1000, सभी का आभार।**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी**

- **लोक विज्ञान** का मार्च अंक प्रका ित हुआ। इसमें **LED बल्ब : रोशनी अधिक बिजली खर्च कम, माइग्रेन (आधा सीसी), एक आलू जलाएगा 40 दिन तक LED बल्ब, 15 वर्षीय भारतीय मूल के एक विद्यार्थी ने ब्रिटेन में भौतिकी का पुरस्कार जीता, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान न्यू दिल्ली द्वारा आयुर्वेदिक दवाओं के प्रमाणीकरण की ओर कदम, खनिज खाइए : स्वस्थ रहिए** आदि सामग्री प्रका ित की गई।

**महिला सशक्तीकरण**

***नवाचार महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 10 मार्च को आयोजित हुई। बैठक में 60 महिलाएं उपस्थित थी। **श्रीमती मोनिका बोल्या** ने पुरानी साड़ियों से लहंगा, ब्लाउज, साड़ी और ओढ़नी बनाना सिखाया। चेयरमेन **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने स्वनिर्मित दाल–पकवान, अंगूर, रसगुल्ला का अल्पाहार कराया। श्रीमती सविता कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

***वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोश्ठ की मासिक बैठक 20 मार्च को आयोजित हुई। बैठक में 68 महिलाएं उपस्थित थी। सदस्यों के मानसिक विकास हेतु खेलों का आयोजन हुआ। **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने होली से संबंधित हाउजी खेलाई। अंत में कुर्सी रेस हुई जिसमें सभी सदस्याओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में श्रीमती कनकतारा पोरवाल प्रथम व श्रीमती शकुन्तला धाकड़ द्वितीय रहीं उन्हें पारितोषिक देकर सम्मानित किया और अंत में अल्पाहार हुआ।

***ग्रामीण महिला चेतना शिविर(30 मार्च - राजस्थान दिवस ) :*** इस ि ाविर में चंदेसरा,गुडली, फतहनगर, नान्दवेल गांवों से कुल 15 महिलाओं ने भाग लिया। समिति से **प्रो.सुशीला अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा कोठारी, श्रीमती रेणु भण्डारी, श्री प्रकाश तातेड एवं श्रीमती मंजुला शर्मा** उपस्थित रहे। प्रार्थना के बाद **प्रो.सुशीला अग्रवाल** ने राजस्थान स्थापना दिवस के बारे में जानकारी दी। श्री प्रकाश जी तातेड ने डॉ.के.एल.कोठारी द्वारा रचित कविता **मेवाड़ की वीरागंनाओं क्रांति लाओ** का वाचन किया एवं राजस्थान संबंधी प्रश्न पूछे। श्रीमती रेणु भण्डारी ने जीवन पच्चीसी और लहर के अंक पर चर्चा की। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने महिलाओं द्वारा पूछे गए प्रश्न ''गर्मी में लू से कैसे बचे'' का विस्तृत उत्तर दिया। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने शिविर में सीखी हुई बातों को औरों को भी बताने की प्रेरणा दी तथा शिविर में अधिक से अधिक लोगों को लाने व जोड़ने का भी आग्रह किया। गुडली की महिला सदस्य **अन्साई चौधरी** ने अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति की जानकारी दी। नान्दवेल की **श्रीमती हंसा** ने उन महिलाओं के नाम दिए जो सिलाई प्रशिक्षण सीखना चाहती हैं। मई में प्रशिक्षण हेतु निवेदन किया। बैठक के बाद जलपान हुआ व यात्रा भत्ता दिया गया।


**विज्ञान समिति,** रोड नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर-313001 फोन : 0294-2413117, 2411650
Website : www.vigyansamitiudaipur.org
E-mail Id : samitivigyan@gmail.com

***लहर :*** लहर का 45वां अंक अपने नियमित प्रारूप में प्रकाशित हुआ जिसमें **हुरज देवी–विकासशील गृहणी एवं कृषक, सुविचार, अप्रेल माह की कृषि क्रियाएं, एसिडिटी, उलझन, अब जरा हंस ले, महिलाएं आगे बढ़े, स्वावलंबी बने, मेवाड़ की वीरांगनाओं ! क्रान्ति लाओ, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, जीवन पच्चीसी संकल्प, बिना उबाले आलू के चिप्स, पिछला ग्रामीण महिला चेतना शिविर, अगला ग्रामीण महिला चेतना शिविर** आदि पठनीय सामग्री एवं सूचनाओं के साथ प्रकाि ात किया गया। व्यक्तिगत तथा डाक द्वारा ग्रामीण महिलाओं को पहुँचाया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## ''महिलाओं के बढ़ते कदम एवं दिशा'' विषय पर खुला प्रश्न मंच

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस इस वर्ष 17 मार्च को मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विज्ञान समिति द्वारा संचालित वरिष्ठ एवं नवाचार महिला प्रकोष्ठ ने नगर की 36 अन्य महिला संगठनों के साथ मिलकर **''महिला के बढ़ते कदम एवं दिशा''** विषय पर एक खुला प्र न मंच का आयोजन किया जिसमें विज्ञान समिति के सदस्यों के अलावा 350 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की चेयरमेन **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी** ने की। इस अवसर पर उन्होंने एक स्वरचित कविता प्रस्तुत की तथा **श्रीमती उषा राव, श्रीमती चंद्रा भंडारी, डॉ. कला मुणेत व सुश्री प्रमोदिनी बक्षी** वि ोषज्ञ के रूप में उपस्थित थीं। प्रारंभ में सभी महिला संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा एक जागृति गीत प्रस्तुत किया गया। तत्प चात् **श्रीमती पुष्पा कोठारी व डॉ. पुष्पा गुप्ता** ने प्र नोत्तर के माध्यम से महिला सुरक्षा, कामकाजी महिलाएं व उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां, जनसंख्या में लड़कियों का गिरता अनुपात और उनके दूरगामी परिणाम, संयुक्त परिवार का महत्व, टूटते परिवार एवं तलाक, राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि, महिला के गृहकार्य का आर्थिक आकलन, लिव–इन रिले ानि ाप व इसके दुष्परिणाम, कानून व महिला के बीच दूरी, वृद्ध माता–पिता के साथ समय नियोजन, सो यल मीडिया तथा फेस बुक आदि का लड़कियों के जीवन पर प्रभाव, बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास तथा सबसे प्रमुख तलाक के सेटलमेंट के लिए लड़कियों द्वारा एक बड़ी रा ि की मांग आदि विषयों पर खुली चर्चा आयोजित की, जिसमें केसरिया परिधान में सजी महिलाओं ने सक्रियता एवं उत्सुकता से भाग लिया। चर्चा का निचोड़ रहा कि **महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़े किन्तु अपनी संस्कृति की रक्षा करते हुए मर्यादा में रहते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें** व अपने परिवार को संस्कारमय बनाएं व एकजुट रखें तथा अपने समाज व दे ा की पहचान बनाए रखें है। अध्यक्षीय संदे ा एवं कविता मेवाड़ की वीरांगनाओं ! क्रान्ति लाओ पढ़ी गई। अंत में कार्यक्रम की संयोजक **श्रीमती बेला जैन** ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्वास्थ्य सेवाएं

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। मार्च माह में 8. शिविर हुए जिसमें 93 **रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल, इनरव्हील क्लब, अशोकनगर जैन सोसायटी उदयपुर, अणुव्रत समिति, उदयपुर सेवा समिति, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वावधान में उन्नीसवां ि ाविर दिनांक 15 मार्च 2015 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ. अनुराग तलेसरा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. भानु प्रकाश ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. त्रिशा नेत्र रोग विशेषज्ञ अलख नयन मंदिर, श्री कल्पेश पूर्बिया फिजियोथेरेपिस्ट एवं एक्यूप्रेशर टीम** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं प्रदान की। साथ ही श्री अंकित नागोरी एवं श्री कमलेश चौबीसा ने रोगियों की जांचें की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 53 नागरिकों का (9 सामान्य, 37 हृदय, 38 मधुमेह, 6 नेत्र, 3 अस्थि/फिजियोथेरेपी, 4 दंत, ) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसी क्रम में 6 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी व 2 को हौम्योपेथी चिकित्सा पराम र्ा दिया गया। आगामी **बाईसवां शिविर 19 अप्रेल 2015 प्रात: 10.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगा।**

### प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

विज्ञान समिति के प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में

21 मार्च को हमारे अध्यक्ष **डॉ.के.एल.कोठारी** ने वार्ता दी। वार्ता का विषय था **Oxygen is Elixir of Life but it also seriously damages the body** वार्ता पावरपोईन्ट प्रजेन्टेशन से दी गई और श्रोताओं में काफी रुचि उत्पन्न हुई एवं प्रश्नोत्तर से समाधान किया। यह सुझाव आया कि इसके द्वितीय भाग की प्रस्तुति भी उपयोगी होगी।

### दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की मासिक बैठक दिनांक 14 मार्च को हुई। **श्री विमलचंद जैन** ने **जीवों के भाव** विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता **डॉ.पी.एम.अग्रवाल** ने की। प्रकोष्ठ के 15 सदस्यों ने भाग लिया। लिखित सामग्री वितरित की गई।

### केलवा प्रोजेक्ट

25 मार्च को केलवा में सदस्यों की बैठक रखी। जिसमें प्रथम कार्यकारिणी बनाने के लिए **श्री महेन्द्र कोठारी (कृषि)** को अध्यक्ष चुना गया और उन्हें अधिकार दिया गया कि 26 अप्रेल तक अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दें। उसी दिन विधान को भी अंतिम रूप दिया जाएगा।

### अन्य बिन्दु

● 5 मार्च को **होली मिलन** का कार्यक्रम आयोजित हुआ। उपस्थित 9 लोगों ने आपस में **तिलक होली** मनाई। जलपान का आयोजन **श्री आर.के.खोखावत** की ओर से हुआ।

● **मंडे मंथन बैठक** हर सोमवार को 11 से 12 बजे तक आयोजित की गई जिसमें सामयिक विषयों पर जानकारी का आदान–प्रदान किया गया।

● **महावीर जयन्ती (2 अप्रेल**) के उपलक्ष्य में नगर की महावीर जैन परिषद द्वारा विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में विद्वत संगोष्ठी विज्ञान समिति के सभागार में आयोजित की गई जिसके मुख्य वक्ता **प्रो.सोहनराज जी तातेड़** जोधपुर थे। उन्होंने महावीर की वर्तमान प्रासंगिकता पर बहुत रोचक, उपयोगी एवं हृदयग्राही वार्ता दी । पूरा सभागार खचाखच भरा हुआ था जिसमें कई विद्यार्थी भी थे।

### सदस्यों संबंधी

● हमारे पूर्व अध्यक्ष एवं राजस्थान के पूर्व यशस्वी मुख्य सचिव **स्व.श्री मीठालाल जी मेहता** को भारत सरकार द्वारा मरणोपरान्त **पद्मश्री सम्मान** से नवाजा गया। परिवारजन एवं मित्रों को बधाई। काश ! उनके जीवनकाल में यह सम्मान मिला होता।

● हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य **श्रीमान् मदनसिंह जी सुराणा** –**श्रीमती लीला जी सुराणा** अपने सुपुत्र **श्री प्रफुल सुराणा** के साथ चार सप्ताह के प्रवास के लिए उदयपुर पधारे हैं और अपने निवास 8 सी, मधुबन में सकुशल निवास कर रहे हैं।

● हमारे संरक्षक सदस्य **डॉ. अनिल कोठारी (नेत्र विशेषज्ञ)** के सुपुत्र **डॉ. कार्तिकेय (नेत्र विशेषज्ञ)** का शुभ विवाह दिनांक 16 अप्रेल को आयोजित है। विज्ञान समिति परिवार की ओर से हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं एवं शुभाशीष।

● कनाड़ा में हमारे मानद सदस्य, मूल निवासी उदयपुर **प्रो. जगमोहन हूमर** कॉर्लेटिन विश्वविद्यालय उदयपुर प्रवास पर 16 से 29 अप्रेल तक रहेंगे। इस अवधि में उनके कुछ कार्यक्रम भी विज्ञान समिति में आयोजित किए जाएंगे।

● हमारे अकादमिक सचिव **श्री प्रकाश तातेड़** की एक नवीन बालोपयोगी पुस्तक **'विज्ञान के सरल मॉडल एवं प्रयोग' सुभद्रा प्रकाशन, दिल्ली** से प्रकाशित होकर प्राप्त हुई है। हार्दिक बधाई।

● हमारी सदस्या एवं कार्यकारिणी में सह सचिव **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** गिर जाने से अस्वस्थ हो गई। घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रही है। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए मंगलकामना!

● हमारे कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ.एल.एल. धाकड़** ने महावीर इंटरनेशनल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का उदयपुर में शपथग्रहण समारोह के अवसर पर स्मारिका का कुशल संपादन किया। हार्दिक बधाई !

●हमारे संरक्षक सदस्य **डॉ. आई.एल. जैन** एवं कानूनी सलाहकार **डॉ. आर.एल. जैन** को रोटरी क्लब, उदयपुर ने अपनी विशेष बैठक में 25 मार्च 2015 को सम्मानित किया। हार्दिक बधाई !

● हमारे संरक्षक सदस्य **डॉ. ओ.एस. राठौड** जो पिछले माह से अस्वस्थ हैं। अपने निवास पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए मंगलकामना! (9414161701)

●हमारे संरक्षक सदस्य **श्रीमान गंभीरसिंह जी मेहता** भी घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए मंगलकामना! (9414239044)

●हमारी सदस्या **डॉ. विभा भटनागर** गृहविज्ञान महाविद्यालय में

## सुविचार

- निश्चित समय, निश्चित स्थान, निश्चित आसन में और निश्चित अवधि तक भक्तिपूर्ण भावना से अपने प्रभु में खो जाना विशिष्ट सफलता का उपाय है।
- वर्षान्त में व्यापारिक खातों में नफा-नुकसान का हिसाब देखा जाता है। कितना अच्छा हो, आत्मा का नफा-नुकसान भी देखा जाए ।
- सेवा एक महान कार्य है। उसके आध्यात्मिक और व्यावहारिक दोनों लाभ हैं।

–''आचार्य महाश्रमण''

**सदस्यगण अपने एवं अपने परिवार की कुछ विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी विज्ञान समिति में देवें जिससे उसका समावेश मासिक रिपोर्ट में किया जा सके।**

### जन्मदिन की बधाइयाँ (अप्रेल-मई माह)



Happy Birth Day

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sh. Prakash Tater | 03/04 | Sh. T.P. Paliwal | 25/04 |
| Dr. Arun Bordia | 06/04 | Sh. Pradeep Bapna | 08/05 |
| Sh. Ashok Rathod | 06/04 | Dr. S.N. Joshi | 11/05 |
| Sh.Sujjan Singh | 10/04 | Smt.Kaushlya Roongta | 20/5 |
| Sh. R.C. Mehta | 11/04 | Sh. Nitin Kothari | 24/05 |
| Sh. Hemant Bohra | 12/04 | Prof.Lalit Pandey | 30/05 |



Happy Birth Day

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति के अप्रेल माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, ग्रामीण महिलाओं के लिए लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**
  - * एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में
  - * श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार को 9 अप्रेल 2015 प्रातः 10.30 से 12.30
- **नियमित मासिक गतिविधियां**

| | | |
|---|---|---|
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक | 10 अप्रेल 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| * दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक | 11 अप्रेल 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक | 18 अप्रेल 2015 सायं 5.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक | 20 अप्रेल 2015 प्रातः 11.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | दिनांक | 30 अप्रेल 2015 प्रातः 11.00 बजे से |

- **विशेष**
  - * अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का तीसरा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ) एवं छात्रवृत्ति कोष के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608